# ‘निवासी सभा’ Facilitator
# ‘तलाश’ Facilitator बनें






**निवासियों की सहायता करें**

- ❖ निवासी सभा की नियमित बैठक करने में
- ○ निवासी सभा के द्वारा अपनी पहल लेने में
- ❖ सार्वजनिक सेवाओं की गुणवत्ता की मॉनीटरिंग करने में

**सशक्त निवासी**

| वर्तमान में ग्राम-सभा का न होना एवं इससे नुकसान | |
|---|---|
| - निवासी कभी सामान्य उद्देश्यों के लिए एक साथ नहीं आते हैं → | - इससे सार्वजनिक सेवाओं एवं सुविधाओं की गुणवत्ता बहुत खराब रह जाती है |
| - परंतु प्राकृतिक आपदा या गंभीर स्थिति आने पर साथ आते हैं → | - कई लक्षितों को लाभ नहीं मिल पाता है |
| | - सार्वजनिक स्थान साफ नहीं रहता है |

यह योगदान विद्यार्थियों के लिए **तीव्र कैरियरग्रोथ** एवं **व्यक्तित्व निर्माण** की नींव साबित होगा।

- ○ **अपनी शिक्षा एवं ज्ञान को समाज में रखेंगे**
- ○ **सरकार के कार्यक्रम एवं पंचायती राज की समझ बढेगी**
- ○ **ग्राम पंचायत से Certificate एवं समाज से सम्मान मिलेगा**

Career growth

- ○ **Interview में लाभ होगा**
- ○ **व्यक्तित्व विकास में मददगार -** Team work, Management, Governance, Public Speech...

**गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक सेवा।**

*Ethical Foundation Trust. Email id : ethicalfoucnation@gmail.comc; www.wardsabha.com*
*Contact person : Pranav: 89694-81918,*

## Niwasi Sabha Facilitator के लिए लक्ष्य

- 2 निवासी सभा (वार्डसभा / ग्राम सभा) में नजदीक से सहयोग दें ताकि गॉववासी इसमें व्यवस्थित रूप से हिस्सा लें
- सेवाओं की गुणवत्ता के बारे में जानें एवं इसके बारे में ग्रामीणों एवं निवासीसभा को बताएं
- अपने कार्य का नियमित रिपोर्ट एवं फोटो बेवसाईट पर अपलोड करें
- प्रति माह 4 दिन समय दें

## फैसिलिटेटर वार्ड या पंचायत के पहली भिजिट में क्या करेंगे ?

- मुखिया एवं वार्ड में चयनित वार्ड सदस्य के साथ बैठक कर अपने उद्येश्य के बारे में बताना।
- वार्ड के निवासियों को निवासी सभा की आवश्यकता एवं प्रारूप को समझने की जरुरत है।
- वार्ड में पहली बार निवासी सभा अनौपचारिक रुप से भी हो सकती है.

## निवासी सभा आयोजन में फैसीलीटेटर क्या करेंगे?

### Awareness से Result तक

- निवासी सभा तिथि के एक दिन पहले निवासी सभा का प्रचार प्रसार करेंगे - उपयोगिता घर घर जाकर बताएं एवं लोग खुद से तय तिथी को बैठक में आएं।
- Facilitator निवासी सभा तिथि को तय समय से पूर्व सभा-स्थल पर रहें।
- निवासी सभा कार्यकर्ता के साथ घर घर घूमें और उन्हें सभा की एजेंडा लिखने में प्रोत्साहित करना।
- निवासी चयनित सदस्य को बैठक का नेतृत्व करने में प्रोत्साहित करें।

## फैसिलिटेटर निवासी सभा में क्या नहीं करेंगे ?

- बैठक की चर्चा में अपना विचार नहीं देंगे।
- बैठक के किसी भी निर्णय में दखल नहीं देंगे।
- एजेंडा या निर्णय को वे खुद से नहीं लिखेंगे।

## निवासी सभा की प्रक्रिया

- एजेंडा को लिखना (निवासी सभा कार्यकर्ता के द्वारा)`
- प्रत्येक महीने के एक तय तिथी को निवासी सभा की बैठक करना
- एजेंडा वार निवासी सभा में चर्चा
- एजेंडा पर निवासी सभा के निर्णय को लिखा जाना
- निर्णय को नियमित रूप से फौलो करना ताकि निर्णय का उचित परिणाम मिले

## निवासी सभा समय सारणी

**परिचय गीत एवं स्वागत - सभा की शुरूआत गीत के द्वारा शुरू किया जाएगा।**

- अगर वार्ड सदस्य नहीं आते है तो उनके जगह पर अध्यक्ष का चुनाव निवासी सभा के द्वारा किया जाए।
- प्रार्थना के बाद अध्यक्ष के द्वारा दो मिनट का परिचय।
- अपने वार्ड के किसी भी सदस्य ने वार्ड के लिए विशेष कार्य किया है उसको निवासी सभा से धन्यबाद देना।

**कार्यकर्ता की पहचान**

- निवासी सभा के द्वारा चार कार्यकर्ता का चुनाव किया जाएगा। पहला कार्यकर्ता उपस्थिति हस्ताक्षर लेगा। दूसरा कार्यकर्ता निवासी सभा में एजेंडा पर लिए गए निर्णय को लिखेंगें। तीसरा और चौथा कार्यकर्ता सभा में शान्ति बनाए रखने के लिए लोगों से अपिल करेंगे। अगले महीने की निवासी सभा के लिए घर घर जाकर एजेन्डा लिखकर कौन लाएगा उसकी पहचान।

**एजेंडा एवं अन्य विषय पर चर्चा**

- निवासी सभा में एजेंडा पर क्रमवार चर्चा।
- निवासी सभा में किसी भी एजेंडा पर लिए गए निर्णय को कार्यकर्ता के द्वारा तुरंत लिखा जाता है।
- अगर निवासी सभा में एजेण्डा समाप्त होने के उपरांत समय शेष है तो सेवा वार चर्चा। पंचायत में कार्यावित सभी योजनाओं को स्वयंसेवक द्वारा पढकर सुनाया जाएगा।
- निवासी सभा के सदस्यों से आर्थिक या अन्य योगदान के लिए चर्चा होगा।

**धन्यवाद ज्ञापन :** अध्यक्ष के धन्यबाद ज्ञापन के बाद निवासी सभा का समापन।

*निवासियों के बैठक के लिए* ***तलाश*** *के पांच सिद्धांत Ethical Foundation के कार्यों का आधार है।*

- *गलत को गलत कहें।*
- *अच्छे को अच्छा कहें।*
- *अपनी आमदनी वाजिब तरीके से प्रतिदिन बढ़ाएँ।*
- *रचनात्मक सामूहिक सोच का निर्माण करें।*
- *सभी कार्य अराजनैतिक एवं अहिंसात्मक हों।*

***कोष कुर्सी कौन तीनों गौण।***

- - - - - - - - - - -

*एथिकल फाउंडेशन (Ethical Foundation Trust) के कार्यों का लक्ष्य है कि निवासी अपने क्षेत्र में अच्छी सार्वजनिक सुविधाएं एवं सेवाओं के लिए आपस में बातचीत करें - बैठक करें और समुदाय के रूप में प्रभावी बनें।* ***मिलें तो सही... बातें तो हों...***

## ...परन्तु करना क्या है?

एक और व्यक्ति से मिलना है-
फिर कुछ और से-
एक इकाई बनानी है-
पहचान करनी है-
विकास लक्ष्य की- समस्याओं की- जरूरतों की-
जीवन स्तर के उत्थान में प्रगति के उपायों की।
सबसे आसान को कर डालना है,

फिर, निदान ढूँढना है - कार्यान्वित करना है
अगली जरूरत / समस्या का -
सक्रिय रखना है अन्य लोगों को भी ।

उदाहरणार्थः-

आपके मुहल्ले में समस्याएँ हैं-
गली में अंधेरा रहता है,
गली में गंदगी फैली है, नाले बहते हैं,
स्कूल में शिक्षक नहीं आते हैं,
स्वास्थ्य उपकेन्द्र पर चिकित्सक नहीं आते हैं,
कुछ एक व्यक्ति की रंगदारी है-
अन्यान्य।

यदि लोग गली में अंधेरा दूर करने में कुछ भी सहयोग करने को तैयार नहीं है, गंदगी फैलानेवालों को नहीं रोक सकते, तो,

मिलकर जरूरतमन्द बच्चों को पढ़ा तो सकते हैं?
मिलकर सांस्कृतिक कार्य तो कर सकते हैं?

फिर आप गली के अंधेरे को दूर कर सकेंगे-
फिर आप नहीं आनेवाले शिक्षक और चिकित्सक को आने के लिए विनम्र निवेदन कर सकेंगे,
और फिर उच्चतर अधिकारियों से मिलकर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कर सकेंगे।

स्कूल एवं अस्पताल के भवन, गलियों का पक्कीकरण के लिए विभिन्न उपायों कर सकेंगे।

हर कोई सब कुछ नहीं कर सकेगा-
कुछ लोग कुछ करेंगे, दूसरे दूसरा करें-
पहले रंगदारी की धार कम होगी,
फिर रंगदारी की वह ऊर्जा भी अच्छे कार्य में लग जाएगी।

सामाजिक उत्थान में तीव्रता आएगी, यह एक अनवरत प्रक्रिया है।
कुछ भी अच्छा नहीं लगा?
कुछ भी करने की हिम्मत नहीं है?
किसी पर भी विश्वास नहीं है?
तो आज (हर रोज) एक रुपया और **वाजिब तरीके** से कमाने की कोशिश अवश्य प्रारंभ कर दें।
**फिर अंधेरा स्वयं दूर होने लगेगा।**

# Strategy Chart to guide Facilitators

*Target : Finally Benefits should be obtained – Problem Solving Approach*

